**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**11.05.2025/प्रादेशिक समाचार/09:20बजे**

## विदेश मंत्रालय–उल्लंघन

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ कल बनी सहमति का बार–बार उल्लंघन हुआ है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल संघर्ष विराम उल्लेंघन का समुचित और उचित जवाब दे रहे हैं और भारत इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से ले रहा है। भारत ने पाकिस्तान से संघर्ष विराम उल्लंघन को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने और स्थिति से गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ निपटने का आह्वान किया है। मिसरी ने कहा कि सशस्त्र बल स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुये हैं। उन्होंने कहा कि सशर्स्त्बलों को अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघघन की किसी भी घटना से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं।

**पिछले कुछ घंटों से इस समझौते का पाकिस्तान की ओर से घोर उल्लंघन हो रहा है भारतीय सेना जबाबी कार्यवाही कर रही है और इस सीमा अतिक्रमण से निपट रही है यह अतिक्रम अत्यंत निंदनीय है और पाकिस्तान इनके लिए जिम्मेदार है हमारा मानना है पाकिस्तान इस गम्भीर स्थिति को समझे और इस अतिक्रम को रोकने के लिए तुरंत उचित कार्यवाही करे।**

विदेश सचिव ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से चल रही सैन्य कार्रवाई को रोकने के लिए कल शाम भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सहमति बनी थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को स्थिति ठीक से समझनी चाहिए तथा इस घुसपैठ रोकने के लिए तत्काल उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

-----------------------------------------------------------------

## प्रधानमंत्री

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत तथा पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के तुरंत बाद कल एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास पर हुई बैठक में विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए।

-----------------------------------------------------------------

## एंटोनियो गुटेरेस

इधर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम समझौते का स्वागत किया है और इसे मौजूदा शत्रुता को समाप्त करने और तनाव कम करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया है। महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि गुटेरेस को उम्मीद है कि यह समझौता स्थायी शांति में योगदान देगा और दोनों देशों के बीच व्यापक, दीर्घकालिक मुद्दों को संबोधित करने के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देगा।

-----------------------------------------------------------------

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस**

आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। वर्ष 1998 में इसी दिन भारत ने राजस्थान के पोखरण में परमाणु बम का सफल परीक्षण किया था। यह दिन देश की प्रगति और विकास में प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है। आज के दिन भारत की तकनीकी विशेषज्ञता और देश के पहले स्वदेशी विमान हंसा–3 के प्रक्षेपण में वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और नवप्रवर्तकों के योगदान और छठे वैश्विक परमाणु परीक्षण को याद किया जाता है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का उद्देश्य दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करना और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में युवाओं की रुचि को प्रोत्साहित करना है।

-----------------------------------------------------------------

**सरकार–तथ्य जांच**

केंद्र सरकार ने कहा है कि कई युद्ध के गेमिंग वीडियो को हाल ही में भारत–पाकिस्तान संघर्ष के वास्तविक फुटेज के रूप में भ्रामक रूप से प्रसारित किया जा रहा है। लोगों से ऐसे प्रचार वाले पोस्ट से बचने की सलाह दी गई है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि युद्ध गेमिंग फुटेज सोशल मीडिया बड़ी मात्रा में दिखाये जा रहे है और लोगों को इनसे सतर्क रहना चाहिये।

रक्षा मंत्री के कार्यालय के नाम से व्हाट्सएप पर एक संदेश भी प्रसारित हो रहा है। इसमें भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष की स्थिति के मद्देनजर नागरिक तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं। पीआईबी ने कहा है कि यह संदेश फर्जी है और सरकार ने ऐसा कोई निर्देश जारी नहीं किया है।

-----------------------------------------------------------------

**सुरंग निर्माण**

चम्बा को कांगड़ा जिला के धर्मशाला से जोड़ने वाली दरकुण्ड–करेरी सुरंग निर्माण की लोगों ने सरकार से मांग की है। इस सम्बन्ध में चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की 37 और कांगड़ा जिला की 3 पंचायतों के प्रतिनिधियों ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा और राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को पत्र के माध्यम से इस सुरंग निर्माण के लिए सर्वे करवाने का आग्रह किया है।

***एक टनल जिसके लिए हमने जिसके हमने सुजेस्ट किया था। वह दुनाली–बरेई दरकुण्ड–टनल जो हमारी करेरी कनेक्ट करेगी एक्रोस धौलाधार कांगड़ा में इसके लिए हम एक आवाज उठाकर कर रहे है इससे हमारी दूरी तो कम होगी ही और जिले का विकास होगा।***

-----------------------------------------------------------------

**अब सुर्खियां समाचार पत्रों से......**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग ख़बरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला व पंजाब केसरी एक जैसी सुर्खी है–**पुंछ में शाहपुर में सूबेदार मेजर बलिदान, ऊना–कांगड़ा में गिरे पाकिस्तानी मिसाइलों के टुकड़ें।** दैनिक भास्कर व दैनिक जागरण एक जैसे शब्द हैं –**डमटाल में**

**सेना ने ड्रोन गिराया, नुरपूर में मिसाइल जैसा टुकड़े गिरने से धमाका।** हिमाचल दस्तक का कहना है–**राजभवन में दिया एकता संदेश–राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने की सर्वधर्म सद्भाव बैठक की अध्यक्षता।** हिमाचल दस्तक के मुताबिक–**सुक्खू मंत्रिमंडल में अब बड़े फेरबदल की तैयारी।**

मौसम पर दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–**चार दिन पहले आ रहा है मॉनसून।** दैनिक जागरण का कहना है–**केरल में 27 मई को दस्तक देगा मॉनसून।**

---------------------------------------------------------------